तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 03 दिसंबर 2024





8 राठिया कंवर समाज के सामुदायिक भवन...



9 सात दिवसीय विशेष शिविर में 484 पशुओं का....




## खबर संक्षेप

### मौसम बदलने से धान खरीदी प्रभावित

**नर्रा।** चक्रवात फेंगल के प्रभाव से मौसम ने करवट ली वही जिले के बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा बार्डर से लगे अंचल में बादल छाए रहने से शनिवार को सुबह से रुक-रुक कर बारिश हुई। इसके कारण दूसरे दिन रविवार और सोमवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे। इसका प्रभाव धान कटाई व मिंजाई के साथ ही बाड़ी में लगे सब्जियों पर असर पड़ा। बदले मौसम ने किसानों को भी परेशानी में डाल दी है। समिति के प्रभारियों से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि चक्रवात के कारण आसमान पर बादल छाए रहें, इसका असर धान खरीदी पर पडा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान व मुनगासेर के अतर्गत आने वाले 14 उपार्जन उप खरीदी केंद्रों में कछारडीह और साल्हेभांठा खरीदी केंद्र में धान का आवक लेने पर खरीदी की गई वही अधिकांश केंद्र में खरीदी प्रभावित रहा है। नर्रा, परसुली, कसेकेरा, कोमाखान, गांजर, मुनगासेर, मोगरापाली, पटपरपानी, बांघामुंडा, साल्हेभांठा, बकमा, घोटियापानी, बंसुलाडबरी इत्यादि के कुछ गिने चुने एक-दो केंद्र में ही खरीदी हो पाई है।

### प्रैक्टिकल परीक्षा व प्रोजेक्ट 10 जनवरी से

**महासमुंद।** सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम और प्रोजेक्ट वर्क की परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी। यह परीक्षा 31 जनवरी तक संबंधित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। इसके अनुसार अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के लिए दोबारा प्रैक्टिकल आयोजित नहीं होगा। दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षा अगले साल मार्च में होगी। इसके लिए समय-सारिणी जल्द जारी होगी।

### एनडीआरएफ का संयुक्त मॉक ड्रिल 6 को

**महासमुंद।** बाढ़ जैसी आपदा स्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सहयोग से दो दिवसीय अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत 05 दिसंबर 2024 को बाढ़ बचाव परिदृश्य पर आधारित टेबल टॉप बैठक और 6 दिसंबर 2024 को संयुक्त मॉक ड्रिल किया जाएगा। जिले में मॉक अभ्यास के आयोजन के लिए एनडीआरएफ की 20-25 सदस्यीय टीम एक राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में 4 दिसंबर 2024 को महासमुंद पहुंचेगी। यह टीम बाढ़ बचाव तकनीकों और आपदा प्रबंधन के कुशल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों पर फोकस करेगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, जिले के सभी संबंधित विभागों, स्वयंसेवी संस्थाओं, फायर ब्रिगेड और बचावकर्ताओं को इस मॉक ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए सूचना दी गई है। 5 दिसंबर को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होने वाली टेबल टॉप बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# पालिका को डेढ़ साल से नहीं मिल रहा फंड, योजना फाइलों में उलझी

## सात करोड़ की लागत से नगर में तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की योजना अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला के महासमुंद नगर को मिलने वाला फंड पिछले डेढ़ सालों से नहीं मिल रहा है जिसके चलते क्षेत्र में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की योजना फाइलों में उलझकर रह गई है। जबकि, बजट में हर साल प्रावधान भी किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इमलीभांठा में पहले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की तैयारी चल रही थी। अब तक इस पर काम शुरू नहीं हो पाया है। शहर में तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगभग सात करोड़ की लागत से बनाने की योजना है। फंड नहीं आने से अब तक एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। इमलीमाठा के साथ ही सितली नाला व बंधवा तालाब में भी प्लांट प्रस्तावित है। इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

बताया जाता है कि सितली नाला, बंधवा तालाब प्लांट के लिए जगह का चिह्नांकन की प्रक्रिया चल रही है। इमलीभाठा मुक्तिधाम के पास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अगस्त 2023 में भूमिपूजन किया था। भूमिपूजन के बाद से अब तक कार्य पारंभ नहीं किया गया है। सीवेज प्लांट के लिए बड़ी नाली का निर्माण मुक्तिधाम तक कर दिया गया है। शहर के गंदे पानी को साफ कर शहर के उद्यानों व निस्तारी के लिए उपयोग में लाना है। पिछले तीन चार वर्षो में कई सीएमओ बदल चुके हैं, पर कार्य धरातल पर कुछ भी नहीं हुआ है। वर्तमान में शहर का गंदा पानी व्यर्थ जाता है और इसका कोई उपयोग नहीं होता है। नगर पालिका के कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा ने बताया कि अभी तक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए फंड नहीं मिला है। जिसके कारण आगे की प्रक्रिया नहीं हो पाई है। नगर पालिका के सीएमओ विजय पांडे ने बताया कि तीन प्लांट बनने हैं। दो के लिए जगह देखी जा रही है। फंड नही आने के चलते कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। जैसे-जैसे स्वीकृति मिलती जाएंगी कार्य होगा। जमीन को लेकर प्रक्रिया चल रही है।

शहर के इमलीभांठा का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट 1.17 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाना है पर बड़ी नाली तो बन गई है, लेकिन ट्रीटमेंट प्लांट का अता पता नहीं है। इधर , नगर पालिका के कई कार्य शासन से फंड नहीं आने के चलते अटके हुए हैं। इससे शहर के विकास की गति रुक गई है। इसके अलावा बजट में शामिल किए कई प्रोजेक्ट पर अभी तक जमीन पर काम शुरू नहीं हो पाया है।

### तालाबों में पानी पहुंचाने की योजना

गर्मी के दिनों में शहर के तालाब सूखने की कगार पर पहुंच जाते हैं। पानी को साफ कर गर्मी में तालाबों में छोड़ने की योजना बनाई गई है। जिससे निस्तारी की समस्या न हो, लेकिन दो साल में एक भी प्लांट बन नहीं पाया है। नगर पालिका के बजट में पिछले चार-पांच वर्षो से प्रावधान किया जा रहा है। कोडार के पानी से गांवों के तालाबों को तो भरा जाता है, लेकिन शहर के तालाबों को नहीं भरा जाता। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से पानी भरा जा सकता है।




### उद्यानों को भी पानी देने की तैयारी

शहर के उद्यानों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से साफ हुए पानी को उद्यानों में देने की भी योजना है। जिससे उद्यानों में पेड़-पौधों को हरा-भरा रखा जा सके। इसके अलावा फव्वारा आदि में उपयोग में लाया जा सके। साथ ही ऐसे इलाके जहां बोर ज्यादातर असफल हो रहे हैं, वहां के तालाबों में पानी देने की तैयारी है, पर फिलहाल, तीनों ट्रीटमेंट प्लांट के बनने में कितना समय लगेगा, यह कोई नहीं बता सकता है।

## समस्या : बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे पर छाई चिंता की लकीरें

# उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में डंप हो रहा धान, बदले मौसम ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में दो-तीन दिनों से मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। सर्द हवाओं के साथ नमी बनी हुई है। वहीं बारिश के आसार भी नजर आ रहे हैं, लेकिन जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की सुरक्षा को लेकर संकट खड़ा हो गया है। प्रदेश सरकार द्वारा बीते 14 नवंबर से शुरू की गई धान खरीदी में परिवहन की सुस्त गति के कारण धान खरीदी केंद्रों में धान का पूरा उठाव नहीं हो पाया है।

हजारों क्विंटल धान खरीदी केंद्रों में जाम है। धान को ढंक रहे हैं और बचाव का पूरा प्रयास कर रहे हैं परंतु बादल छाने से बारिश होने की आशंका चिंता का विषय बन गया है। बादलों को देखकर बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है। बारिश की इस आशंका से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे तन गई है। क्योंकि अभी अधिकांश किसानों की धान कटकर खेतों में पड़ी हैं या खलिहान पहुंच चुकी है। किसानों का कहना है कि कट चुकी फसल पर यदि बारिश की मार पड़ती है तो उन्हें भारी नुकसान होगा। आसमान में घिरे बादलों को देखकर किसान तेजी से कटाई पूरा कर कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखने के काम में जुट गए हैं। वही समर्थन मूल्य में धान खरीदी को पखवाड़े भर से अधिक समय हो चुका हैं। आज की स्थिति में जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में 30839 किसानों से 150512 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी हैं। लेकिन, अब तक धान का परिवहन शुरू नहीं हो पाया है। अब छुट्टी के बाद सोमवार से एक बार पुनःखरीदी शुरू हो गइ है।

ऐसी स्थिति में जिले के अनेक ऐसे उपार्जन केंद्र जहां पहले ही धान रखने की जगह नहीं है। वहीं, खरीदी बंद होने की संभावना है। मिली जानकारी के अनुसार 14 नवंबर से जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी चल रही है। 182 केंद्रों में लाखों क्विंटल धान का उपार्जन किसानों से कर लिया है।

जो समितियों में खुले आसमान के नीचे कैप कवहर के साथ डंप है। 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से रोजाना लाखों क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिसमें सबसे अधिक धान मोटा (कामन) की है। वहीं, सरना की आवक जिले में दूसरे नंबर पर है। जबकि पतला धान की आवक नहीं के बराबर है। खरीदी जिस रफ्तार से जारी है जिले मे धान का उठाव शून्य है। जिससे समिति प्रबंधन के माथे पर चिंता की लकीरें नजर आ रही है। ऐसी स्थिति में समिति प्रबंधन के लिए यह काम बड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया है। टिकेंद्र राठौर डीएमओ, महासमुंद ने बताया है कि धान का उठाव प्रारंभ हो जायेगा। 35-40 हजार क्विंटल धान का उठाव के लिये डीओ कट चुका है।

### हड़ताल के चलते नहीं हो रहा धान का उठाव

मिलर्स की हड़ताल के चलते सहकारी समितियों के उपार्जन केंद्रों से उपार्जित धान परिवहन की बोहनी तक नहीं हुई है। सुस्त परिवहन के चलते धान उपार्जन केंद्रों के केंद्र प्रभारियों एवं समिति प्रबंधन के समक्ष बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। खराब मौसम व बारिश से धान को बचाने कड़ी मशक्कत समिति प्रबंधन को करनी पड़ रही है। कुछ केंद्रों में धान को बारिश से बचाने नए एवं पुराने कैप कवर का इस्तेमाल करते देखा गया। प्रबंधन से पूछे जाने पर शासन द्वारा दिये जा रहे फंड और वर्तमान महंगाई में अंतर को बताते हुए मिलने वाले फंड को अपर्याप्त बताया गया।

### किसानों के चेहरों पर छाई चिंता की लकीरें

किसान धान को ढंक रहे हैं और बचाव का पूरा प्रयास कर रहे हैं परंतु बादल छाने से बारिश होने की आशंका चिंता का विषय बन गया है। बादलों को देखकर बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है। बारिश की इस आशंका से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें तन गई है, क्योंकि अभी अधिकांश किसानों की धान कटकर खेतों में पड़ी हैं या खलिहान पहुंच चुकी है। किसानों का कहना है कि कट चुकी फसल पर यदि बारिश की मार पड़ती है तो उन्हें भारी नुकसान होगा। आसमान में घिरे बादलों को देखकर किसान तेजी से कटाई पूरा कर कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखने के काम में जुट गए हैं। वहीं, आसमाज में छाए बादलों के कारण तापमान में स्थिरता बनी रहेगी।

### अंकुरण की आशंका

धान खरीदी केंद्रों में खुले में रखे धान को ढंककर नहीं रखे जाने के कारण मौसम की नमी का असर धान पर सकता है। हल्की बारिश होने की स्थिति ने सर्द हवाओं के बीच नमी से धान अंकुरित भी हो सकते हैं। इधर खुले में रखे धान को ढकने के लिए सभी खरीदी केंद्रों में कैंप कवर भेजा गया है, लेकिन अधिकांश समिति प्रबंधक द्वारा धान को ढंककर नहीं स्था ताया है। ऐसे में अगर अचानक बारिश होने से धान के भीगने का खतरा बना हुआ है।

## उपार्जन केंद्रों में धान स्टैक कैप कवर से ढंके जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी एसडीएम, धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों व जिला खाद्य अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को जिले में असामयिक बारिश होने की संभावना को देखते हुए जिले के सभी धान उत्पार्जन केंद्रों में भंडारित धान की सुरक्षित रखाव और बचाव के संबंध में सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले असामयिक वर्षा (बेमौसम) बारिश के कारण धान खराब न हो इसे ढकने के लिए तिरपाल, कैप कवर आदि के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि धान खरीदी शासन की प्राथमिकता में है, किसान से लिए गए धान पूर्णतः सुरक्षित रहे यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदे हुए धान की स्टैकिंग बनाकर समय पूर्व कैप कवर से ढंका जा रहा है। सभी नोडल अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर सतत निरीक्षण कर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। कलेक्टर ने उन्हें व्यक्तिगत जिम्मेदारी देते हुए धान को किसी भी परिस्थिति में सुरक्षित रखने कहा है। नोडल अधिकारी ने बताया कि बारिश से धान की सुरक्षा के लिए ड्रेनेज बनाया गया है। सभी धान खरीदी केंद्रों में कैप कवर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। केंद्रों में पानी जमा न हो इसके लिए निकासी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान तेजी से चल रहा है। नोडल अधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि 30 नवंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 30839 किसानों से 150512.00 टन धान खरीदा गया, जिसमें 346 करोड़ 17 लाख से अधिक की राशि किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में 95 लाख 29 हजार से अधिक बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 64 लाख 49 हजार 758 नया बारदाना है। 12 लाख 98 हजार 824 बारदाना मिलर से प्राप्त, 14 लाख 82 हजार 125 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 2 लाख 98 हजार 547 बारदाना प्राप्त हुआ है। 41 लाख 41 हजार 827 बारदाने का उपयोग उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है।

## महतारी वंदन की राशि से रसोई का खर्च उठाना हुआ आसान

# देवरानी-जेठानी ने संभाला किचन का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना पूरे परिवार का संतुष्टि के साथ पेट भर रही है। दरअसल में एक ही घर में देवरानी और जेठानी को महतारी वंदन की राशि हर माह एक-एक हजार रुपए मिल जाती है। पति अक्सर काम से बाहर रहते हैं। छोटी-मोटी रसोई की जरूरतों और साग-सब्जी खरीदने के लिए उनका इंतजार करना पड़ता था। लेकिन महतारी वंदन की राशि मिलने से दोनों समय-समय पर किचन के लिए जरूरी सामग्री तथा साग-भाजी खरीद लेती है और पूरी आत्मीयता के साथ खाना बनाकर घर वालों को खिलाती है। उनके परिवार में 10 लोगों का खाना बनता है।

महासमुंद विकासखंड के ग्राम बेमचा की रहने वाली झरना ध्रुव और खिलेश्वरी ध्रुव की ये समझदारी उनके घर वालों को भी पसंद आया। दोनों हंसते हुए कहती है कि चूंकि सरकार हमें बिना भेदभाव के बराबर राशि दे रही है इसलिए हम खर्च भी बराबर करते हैं। वे बताती है कि काम से थके हुए घर आने पर पति और अन्य सदस्यों को खाना खिलाने से बड़ी कोई संतुष्टि नहीं है और इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की ये व्यवस्था वाकई केवल महिलाओं के लिए नहीं बल्कि परिवार वालों के लिए भी संतुष्टि और खुशी का एक महत्वपूर्ण कारक है।

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनकी दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करना है। इस योजना के अंतर्गत विवाहित महिलाओं को हर माह राज्य शासन द्वारा एक हजार रुपए उनके खाते में अंतरित की जाती है ताकि अपनी और अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। निश्चित ही महतारी वंदन योजना ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उनके जीवन में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता भी बढ़ाई है। इस योजना से प्राप्त वित्तीय सहायता ने महिलाओं को अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश सरकार की यह पहल महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## पीएससी की तैयारी के लिए परीक्षार्थियों ने दिलाया टेस्ट

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा हेतु 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहले टेस्ट का आयोजन किया गया। डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 12 टेस्ट सीरीज के क्रम में आज पहला टेस्ट पेपर भारतीय इतिहास एवं छत्तीसगढ़ का इतिहास हुआ। जिसमें कुल 200 नंबर का पेपर हुआ इसमें भारतीय इतिहास एवं छत्तीसगढ़ इतिहास आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 125 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 14 परीक्षार्थियों कुल 139 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 12 टेस्ट के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 8 दिसंबर को संविधान एवं पंचायती राज का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और पीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी में आकर संपर्क कर सकते है।

## जिला सर्व अनुसूचित जाति समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# अजा समाज ने दर्ज रिपोर्ट निरस्त करने की मांग की, नपाकर्मियों की हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के साथ विगत दिनों नगर पालिका परिषद में हुए कथित मारपीट को लेकर आज नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने पूर्व पार्षद को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं सर्व अनुसूचित जाति ने प्रेसवार्ता लेकर पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर संदेह जाहिर करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि बुधवार 27 नवंबर को शाम पांच बजे पालिका अध्यक्ष और पूर्व पार्षद के बीच कथित मारपीट हो गई थी। मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामला शहर से निकलकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तक जा पहुंचा है। मामले में नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने पालिका के सामने पूर्व पार्षद पंकज साहू को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। वहीं आरोपी को गिरफ्तार कर उनकी पत्नी की झूठी शिकायत पर दर्ज रिपोर्ट को निरस्त करने की मांग को लेकर जिला सर्व अनुसूचित जाति समाज ने कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा और कहा कि यदि हमारी मांगें नहीं मानी गयी तो 6 दिसंबर को एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष सत्यानंद जेंड़े छग सतनामी मुक्ति केंद्र झलप के महेंद्र कुमार, सर्व रविदास समाज के जिलाध्यक्ष देवेंद्र रौतिया, जिलाध्यक्ष उत्कल समाज के किनारी नायक, घासी घसिया समाज के जिलाध्यक्ष गणेशु शेंद्रे ने प्रेसवार्ता में कहा कि यदि शहर में महिला नगर पालिका अध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं है तो आमजन कैसे सुरक्षित रह सकता है। घटना के आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने प्रार्थिया रातभर थाने में बैठी रहीं। जबकि रिपोर्ट घटना की रात 10:30 बजे हो चुकी थी फिर पुलिस ने कापी दूसरे दिन सुबह 4 बजे दी जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में है। उन्होंने कहा कि राशि महिलांग के पुत्र विक्की महिलांग जो लकवाग्रस्त है और बिस्तर पर हैं। उनके खिलाफ घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने की झूठी शिकायत पुलिस में की गई है, उसे निरस्त किया जाए। इसी प्रकार राशि महिलांग, त्रिभुवन महिलांग उनके पुत्र अंकित महिलांग सहित उनके दो समर्थकों के खिलाफ दर्ज झूठी शिकायत भी निरस्त की जाए। उन्होंने बताया कि एसपी ने तीन दिनों के अंदर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यदि समयावधि में कार्रवाई नहीं होती ,तो जिला सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा एसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।


पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में मनाया संविधान दिवस

**रायपुर।** देश के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस कॉलोनी अमलीडीह में विगत दिनों संविधान दिवस को हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता, विश्व रत्न डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए क्विज प्रतियोगिता, बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता, ग्रुपिंग डांस, संविधान से संबंधित स्पीच कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही महिलाओं का सरपंच की भूमिका में उनके अधिकार और कर्तव्य, पुरुषों के लिए जनप्रतिनिधि के तौर पर उनके अधिकार तथा कर्तव्य एवं अन्य विषयों पर व्याख्यान हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों और बड़ों को कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीप्ति बंजारे, सुरेंद्र चंद्रा, महेश बंजारे, रामकुमार कुर्रे, दिवाकर, प्रमित पाल साहू, राकेश सिंह, भुवनेश्वरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए मेंहदी क्लास का आयोजन



**रायपुर ।** केयर स्किल फाउंडेशन, महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, एक विशेष मेंहदी कला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यशाला न केवल महिलाओं को एक पारंपरिक कला सिखाने का अवसर देगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में भी मदद करेगी। लक्ष्यः महिलाओं और युवाओं को मेंहदी कला में प्रशिक्षित करना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मेंहदी कला की ट्रेनिंग। पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों पर फोकस। सभी प्रतिभागियों को निशुल्क प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र। यह कक्षा 18 नवंबर 2024 को ग्राम-कोलर, वि.ख.- अभनपुर, जिला-रायपुर में प्रारंभ हुआ था।

### शिवसेना शिंदे गुट की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में विगत दिनों शिवसेना छत्तीसगढ़ शिंदे गुट की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी हिंदू राष्ट्र को लेकर दिल्ली धरना, नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने रायपुर में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की, जिसमें शिवसेना के जिला महासचिव गोविंद साहू, जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू, जिला सचिव सोनू साहू को बनाया गया।

**आयोजन :** विधायक नंद ने 3 लाख रुपए देने की घोषणा की

# पतेरापाली में राठिया कंवर समाज के सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ग्राम पतेरापाली में राठिया कंवर समाज के सामुदायिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद और विशिष्ट अतिथि के रूप में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुईं। कार्यक्रम में हल्की बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण बाजे गाजे के साथ अतिथियों का धूमधाम से स्वागत सत्कार किया गया।

- सामुदायिक भवन के आहाता निर्माण हेतु विधायक चातुरी नंद ने 3 लाख रुपए देने की घोषणा



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों और समाज प्रमुखों के द्वारा राठिया कंवर समाज के ईष्टदेव की पूजा अर्चना कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि आज समाज तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। राठिया समाज शुरू से संघर्षशील रहा है। आज राठिया समाज के युवा विभिन्न पदों पर सुशोभित होकर समाज का मान बढ़ा रहे है और देश और समाज की सेवा कर रहे है।

कार्यक्रम को बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राठिया समाज ने आज मुझे आमंत्रित कर जो सम्मान दिया है उसकी मैं सदैव ऋणी रहूंगी। समाज के विकास में मैं हरसंभव सहयोग करूंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक चातुरी नंद ने कहा कि राठिया कंवर समाज का सहयोग और आशीर्वाद मुझे सदैव मिला है। राठिया समाज आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। समाज के लोग आज हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराकर समाज का नाम रोशन कर रहे है।

विधायक नंद ने समाज प्रमुखों के मांग पर सामुदायिक भवन के अहाता निर्माण हेतु विधायक निधि से 3 लाख रुपए देने की बड़ी घोषणा भी की। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सोनसाय बरिहा, बरतियाभांठा सरपंच हृदयानंद नायक, धानापाली सरपंच भुनेश्वर पटेल, ग्राम लोहड़ीपुर के सरपंच लीलाबाई सिदार, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, पुरुषोत्तम साहू, कौशलेंद्र सिंह राजपूत, महेश राम राठिया, दूध सिंह राठिया, रामप्रसाद राठिया, भोज सिंह राठिया समेत समाज प्रमुख और समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धान खरीदी की पारदर्शी प्रक्रिया का किसानों को मिल रहा पूरा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरकार द्वारा उन्नत कृषि योजना के तहत समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी ने जिले के किसानों के चेहरे में खुशी और आत्मविश्वास जगाई है। सरकार द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में किया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो गई है। साथ ही किसानों को और अधिक सुविधा मुहैय्या कराने समितियों में ही माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई है। जिससे किसान अपने धान विक्रय की राशि का आहरण बिना परेशान हुए आसानी से कर सके। किसानों ने इस बार राज्य शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का फायदा उठाते हुए अपनी लगन और परिश्रम से न केवल अच्छी फसल उगाई, बल्कि सरकारी समर्थन का भरपूर लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

धान खरीदी केंद्र में इस बार किसानों की मेहनत और सरकार की योजनाओं का एक सकारात्मक उदाहरण देखने को मिल रहा है। बरोंडा बाजार धान उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए ग्राम चिंगरौद के किसान धनीराम और प्रवीण साहू ने कहा कि सरकार की खरीदी नीति और केंद्र की सुविधाओं ने हमें सही मूल्य और समय पर भुगतान दिलाने में मदद की है। धनीराम और प्रवीण सहित अन्य किसानों ने कहा, "खेती अब फायदे का सौदा बन रही है। उन्होंने इस बेहतर सुविधाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।





कृषक धनीराम ने बताया कि वे 10 एकड़ जमीन पर पारंपरिक खेती में आधुनिक तकनीकों को अपनाकर इस बार अपनी धान की पैदावार में अच्छी वृद्धि की। उन्होंने उन्नत किस्म के बीजों और जैविक खाद का उपयोग किया है। इस बार धान की राशि से वे धान की उपज बढ़ाने के लिए आधुनिक खेती करने पर जोर दिया तथा घर की अन्य जरूरतों को पूरा करेंगे। इसी तरह कृषक प्रवीण साहू ने बताया कि वे 6 एकड़ जमीन पर खेती कार्य करते हैं। सरकार की योजनाओं के तहत मिली सुविधाओं ने उनकी खेती को एक नई दिशा दी। धान बेचने के बाद प्राप्त राशि से वे न केवल अपनी खेती को और बेहतर बनाने का मन बना रहे हैं, बल्कि घर की अन्य ज़रूरतों को पूरा करने के लिए भी इस राशि का सही उपयोग करेंगे।

# संकुल समन्वयकों की बैठक में जाति प्रमाण पत्र को लेकर की गई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीआरसी कार्यालय महासमुंद में हरिशंकर पैकरा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद की अध्यक्षता में विकासखंड महासमुंद के समस्त संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जाति प्रमाण पत्र निर्माण से संबंधित कार्यों की समीक्षा कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप की गई।



अनुविभागीय अधिकारी ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र निर्माण का कार्य सभी पात्र विद्यार्थियों के लिए प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालयों में प्राचार्य और शिक्षकों की सहायता से विद्यार्थियों की सूची तैयार की जाए और आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाया जाए। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रमाण पत्र निर्माण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा एवं बीआरसी जागेश्वर सिन्हा उपस्थित रहे। बैठक में 4 दिसंबर को आयोजित होने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इस संबंध में संकुल समन्वयकों को सर्वेक्षण के दौरान सुचारु संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अपार आईडी निर्माण में आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। समन्वयकों ने अपनी समस्याओं को साझा किया और अधिकारियों ने उन्हें समाधान के सुझाव दिए। बैठक में विकासखंड महासमुंद के सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय में आयोजित किया गया एड्स जागरूकता कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय, बलोदा में यूथ रेड क्रॉस, प्राणीशास्त्र विभाग, रेड रिबन क्लब और सेक्सुअल हैरेसमेंट कमिटी के संयुक्त तत्वाधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज को एड्स के प्रति जागरूक करना और इस रोग से बचाव के उपायों को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. किशोर कुमार तिवारी के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने एड्स जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। यूथ रेड क्रॉस प्रभारी अधिकारी रमेश कुमार पटेल ने एड्स से संबंधित समाज में फैली भ्रांतियों से अवगत कराया तत्पश्चात ऑडियो, वीडियो प्रेजेंटेशन द्वारा छात्रों को जागरूक किया गया।

महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक गण अनिता पटेल, जितेंद्र कुमार पटेल, किरण कुमारी, गजानंद नायक, एंजेला विजयलक्ष्मी लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, अतिथि व्याख्याता माधुरी प्रधान और ऋतुराज भोई ने भी अपने विचार रखे तथा छात्रों के बीच प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों छात्रों ने प्रश्नोत्तर सत्र में भाग लिया और जागरूकता के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

यूथ रेडक्रॉस के सदस्यों ने जागरूकता पोस्टर और स्लोगन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्रों और स्टाफ ने एड्स की रोकथाम और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

# अभिव्यक्ति एप के जरिए लड़कियों को मिलेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर में चतुर्थ दिवस 2 दिसंबर को बौद्धिक सत्र में साइबर सुरक्षा एवं अभिव्यक्ति एप विषय पर मुख्य वक्ता प्रतिभा चंद्रा डीएसपी महासमुंद, अन्नू भोई आरक्षक महासमुंद सहित अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं अविनाश चौहान जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य मंचस्थ रहे ।

सरस्वती वंदना कर बौद्धिक सत्र कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन राजेश्वरी सोनी ने शिविर में चल रहे 4 दिवसों से परियोजना कार्य एवं अन्य गतिविधियों से अवगत कराते हुए विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया गया । प्रतिभा चंद्रा ने साइबर सुरक्षा या साइबर सिक्युरिटी कंप्यूटर प्रणालियों और नेटवर्कों को उनके हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर या इलेक्ट्रॉनिक डेटा की चोरी या क्षति से बचाने



के साथ-साथ उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में व्यवधान या गलत दिशा-निर्देशन से बचाने की प्रक्रिया है। यह एक बहुत व्यापक परिभाषा है, जिसमें कई अलग-अलग प्रकार के साइबर सुरक्षा घटक और सिस्टम शामिल हैं।

साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। जैसे-जैसे तकनीक आगे बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते हैं, साइबर अपराध का खतरा बढ़ता जा रहा है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। ईमेल घोटाले, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और टिकटॉक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करके पीड़ितों को धोखा देने और ठगने के लिए घोटाले किए जाते हैं। उदाहरणों में काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। बैंकिंग धोखाधड़ी, ई-कॉमर्स धोखाधड़ी, मैलवेयर, साइबर जासूसी, डेटा उल्लंघन, कंप्यूटर वायरस, डीडीओएस हमले, सॉफ्टवेयर चोरी, फिशिंग घोटाले, ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर आतंकवाद इत्यादि साइबर अपराध के अंतर्गत आते है। जिसके लिए हमें जागरूक एवं सतर्क रहना आवश्यक है ।

अन्नू भोई द्वारा अभिव्यक्ति एप के बारे में बताते हुए कहा कि पुलिस विभाग की टीम अभिव्यक्ति ऐप इस्तेमाल करने के बारे में स्कूल जाकर छात्राओं को सतर्कता संबंधी जानकारी दे रही है। ऐप को गूगल प्ले स्टोर या क्यू आर कोड से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के माध्यम से आपातकाल परिस्थितियों मे अपने निकटतम संबंधित डायल 112 को सीधे सूचना भेजा जा सकता है एवं इमरजेंसी नंबर 1033 पर सहायता प्राप्त कर सकते है। सभी शिविरार्थी स्वयंसेवक उपस्थिति रहे। धन्यवाद ज्ञापन अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया। संचालन लोकेश सेन द्वारा किया गया ।

# क्रिकेट समापन कार्यक्रम बलौदा में शामिल हुए प्रखर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

बलौदा में लिजेंड क्रिकेट का आयोजन किया गया जिसके समापन कार्यक्रम में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रखर ने सभी खिलाड़ियों अभिवादन किया, और कहा कि खेल खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मेरा हमेशा से ही सकारात्मक विचार रहा है क्योंकि खेल से स्वस्थ तन की स्वस्थ तन से स्वस्थ मन और स्वस्थ मन से ही स्वस्थ जीवन की शुरुआत होती है विजेता के रूप में रेड इलेवन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही उप विजेता ग्रिन इलेवन की टिम रही।

# किरायेदारों को किफायती आवास योजना, नगर निगम ने दो साल में बांटे 9 हजार ईडब्लूएस फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य शासन को 190 करोड़ का हितग्राही अशदान मिलेगा
- नगर निगम के टैक्स में होगी वृद्धि, 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे

शहर में किराए के मकान में रहने वाले 9 हजार परिवारों को नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों को किफायती आवास स्कीम में 2 साल में 9 हजार बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट उपलब्ध कराए हैं। इससे जहां हजारों परिवारों को किराए के मकान में रहने से मुक्ति मिली है, वहीं हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे। जबकि नगर निगम के राजस्व के नए वित्त वर्ष से 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे। इससे नगर निगम को करों के रूप में एक निश्चित रकम मिलनी शुरू हो जाएगी।

दरअसल रायपुर नगर निगम के 10 जोन



में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हितग्राहियों को शासन की योजना के तहत पक्के आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हजार से अधिक बहुमंजिला ईडब्ल्यूएस आवास का निर्माण कराया, जिसमें नियमानुसार झुग्गी बस्ती व्यवस्थापन के तहत पात्र परिवारों को पक्के आवास में विस्थापित करने की योजना रही। एक अरसे तक संबंधित आवासों में प्रभावित परिवारों का विस्थापन नहीं होने से ये आवास खाली रह गए। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खाली पड़े ईडब्ल्यूएस आवास को खंडहर होने से बचाने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर निर्मित ईडब्लूएस आवास का आवंटन करने ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाए गए। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 11 हजार रिक्त ईडब्ल्यूएस आवास में से 9 हजार ईडब्लूएस आवास नियम के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाकर दस्तावेजों की जांच उपरांत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी निकालकर आवंटित किए गए हैं। इससे पिछले 2 साल में 190 करोड़ रुपए हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### पीएमवाई-2 के लिए 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना-1 में वर्ष 2015 तक पात्र हितग्राहियों का चयन कर पक्के आवास आवंटन में प्रमुखता दी गई। हाल ही में पीएमवाई-2 योजना का विस्तार करने हुए साल 2016 से 31 दिसंबर 2024 तक आवेदकों को इसमें मौका दिया गया है। योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण का कार्य निगम अमले द्वारा किया जा रहा है।

# चार संभागों को मिले 83 चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की पहल पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर 22 और सरगुजा को मिले 3 डॉक्टर

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 83 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर को 22 तथा सरगुजा को 3 डॉक्टर मिले हैं।

एमबीबीएस और एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके चिकित्सकों को संविदा आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्ति दी जा रही है। इससे लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी दौर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें रायपुर संभाग में चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. शुभम विश्वकर्मा,




डॉ. प्रिदम्बिनी नायक, डॉ. तोयेष चंद्राकर, डॉ. स्मृति इंगोले, डॉ. साहिल कुमार, डॉ. मिलनदीप कौर, डॉ. देवांग शाह, डॉ. नीलम जायसवाल, डॉ. चंद्रशेखर जायसवाल, डॉ. वाय. मुनमुन, डॉ. यशवंत सोनी, डॉ. दीक्षा थवाईत, डॉ. ऋतम्भरा शर्मा, डॉ. वैशाली चौरसिया, डॉ. यूसुफ उस्मानी, डॉ. एम. शिवानी राव, डॉ. निशा पैकरा, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. सोनाली अवधिया, डॉ. सुब्रनिल घोष, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ. प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ. अदिबा खान, डॉ. श्रेया मुखर्जी, डॉ. एशिनी अग्रवाल, डॉ. प्रीति खलखो, डॉ. विकास सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. संग्राम येरेवार, डॉ. मयंक शर्मा व बिलासपुर संभाग हेतु डॉ. सावी शुक्ला, डॉ. सोनाली प्रकाश, डॉ. धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ. विवेक पटेल, डॉ. कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ. अदिति सिंह, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. जॉन कुजूर, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. निशि निर्मलकर, डॉ. प्रफुल्लता कंवर, डॉ. अमीशा टेकाम, डॉ. पूर्णिमा कंवर, डॉ. दिव्या अंकित रोहलेदार, डॉ. अनुभूति नंद, डॉ. अदिति मारिया लाकरा, डॉ. रितीशा वेरोनिका थॉमस, डॉ. प्रियंका सिंह पैकरा, डॉ. संदीप पटेल, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. स्मृति रानी लकड़ा, डॉ. त्रिलोक जागीतानाथ हिमधर व दुर्ग संभाग हेतु डॉ. कृति ठाकुर, डॉ. दामिनी नाग, डॉ. शशांक बारले, डॉ. प्रिया चंदानन, डॉ. श्रीयम शुक्ला, डॉ. सुदीप्ता पाल, डॉ. संध्या कंवर, डॉ. सौरीन चटर्जी, डॉ. सुधांशु शेखर सेनापति, डॉ. नवेद मालिक, डॉ सुलेखा विंध्यराज, डॉ. मोनिका मरकाम, डॉ. हितेश प्रसाद पात्रे, डॉ. अंजलि आर. जोसेफ, डॉ. प्रणय दत्ता, डॉ. मोहम्मद असहर खान, डॉ. पलक मेश्राम, डॉ. रुपाली सिंह, डॉ. राजेश्वर प्रसाद हेटली, डॉ. अवधेश सिदार, डॉ. प्रतीक साहू, डॉ. प्रियंका गेन्ड्रे, डॉ. मो. अरशद अंसार, डॉ. सैयद ताजिश अली, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. योगिता पांडरे, डॉ. भाविका टंडन के साथ सरगुजा संभाग हेतु डॉ. भोजमनियां, डॉ. प्रेमा कुजूर व डॉ. अभिषेक नामदेव को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती रैली में जिले से 215 उम्मीदवार होंगे शामिल

**महासमुंद।** मेजर आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस द्वारा अग्निवीर रिक्रूटमेंट रैली वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ स्टेडियम में रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले से 7 दिसंबर को 196 उम्मीदवार तथा 11 दिसंबर को 19 उम्मीदवार कुल 215 उम्मीदवार शामिल होंगे।

### पुरुष व महिला कबड्डी स्पर्धा 4 दिसंबर से

**महासमुंद।** अखिल भारतीय महिला व पुरुष कबड्डी स्पर्धा का आयोजन खेल व नवयुवक मंडल कस्तूरबोड़ बागबाहरा में 4 से 7 दिसंबर तक होगा। विभाग के द्वारा तैयारी की जा रही है। खेल अधिकारी ने बताया कि मैदान को उबड़ खाबड़ वाली जगहों को समतलीकरण कराया जा रहा है। बुधवार को आयोजन से संबंधित आवश्यक चर्चा किया गया।

### स्कूली बच्चों ने जंगल सफारी, साइंस सिटी का किया भ्रमण

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला, आशी बाई गोलछा, महासमुंद द्वारा आज शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान और प्राकृतिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जंगल सफारी रायपुर, साइंस सिटी रायपुर, और कौशल्या माता मंदिर, चंदखुरी का दौरा किया। भ्रमण की शुरुआत सुबह विद्यालय से हुई, जहां बच्चों को सुरक्षा और अनुशासन के नियमों की जानकारी दी गई। जंगल सफारी रायपुर में विद्यार्थियों ने विभिन्न वन्यजीवों को नजदीक से देखा और उनके जीवन व पर्यावरणीय महत्व के बारे में सीखा। इसके बाद साइंस सिटी रायपुर में आधुनिक विज्ञान और तकनीकी ज्ञान से संबंधित प्रदर्शनियां और प्रयोगशालाएं देखने का अवसर मिला, जिसने बच्चों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया। अंत में, कौशल्या माता मंदिर, चंदखुरी का दौरा कर बच्चों ने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के महत्व को समझा। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्रधान पाठक लता वैष्णव, शिक्षक गेंदराम साहू, वेंकटेश्वर राव, श्रीमती चंचल गुप्ता, आबिदा खान और तृप्ति साहू सहित समस्त स्टाफ ने भाग लिया। सभी शिक्षकों ने भ्रमण के दौरान बच्चों का मार्गदर्शन और सहयोग किया।

### एनएसएस कैंप : भलेसर में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

# सात दिवसीय विशेष शिविर में 484 पशुओं का टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर में चतुर्थ दिवस दिनांक 02 दिसंबर को ग्राम पंचायत में भलेसर में पशु टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। पशु टीकाकरण शिविर पशु चिकित्सा विभाग जिला महासमुंद से डॉ जय किशोर जारिया, डॉ आरजी यादव एवं अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी मंचस्थ रहे । मुख्य वक्ता डॉ जयकिशोर जारिया ने पशुओं को होने वाली विभिन्न बीमारियों और उनके टीकाकरण की जानकारी प्रदान की।



उन्होंने बताया कि प्रत्येक पशुओं को उनके उचित टीकाकरण समय में लगाया जाना चाहिए और कहा कि मुंह-खुर रोग के लिए टीकाकरण 2 से 4 महीने की उम्र में कराना चाहिए. दोबारा टीकाकरण 6 महीने बाद कराना चाहिए। गलघोंटू रोग के लिए टीकाकरण 6 महीने से ऊपर की उम्र में कराना चाहिए. वर्षा ऋतु से पहले हर साल टीकाकरण कराना चाहिए। लंगड़ा बुखार के लिए टीकाकरण 6 महीने से ऊपर की उम्र में कराना चाहिए. वर्षा ऋतु से पहले हर साल टीकाकरण कराना चाहिए। गाय-भैंसों के लिए खुर पका-मुंह पका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण की अवधि के अंतर्गत पहला टीकाकरण 4 महीने की उम्र में कराना चाहिए । दूसरा टीकाकरण 8 महीने की उम्र में कराना चाहिए। हर साल बूस्टर के तौर पर टीकाकरण कराना चाहिए। दुधारू पशुओं के लिए टीकाकरण की अवधि के अंतर्गत खुराक मुंह पका रोग के लिए टीकाकरण 3 महीने या कम की उम्र में कराना चाहिए इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही मंचस्थ रहे डॉ. आर जी यादव ने पशुपालन पशुधन मुर्गीपालन, बकरीपालन , कुकुट पालन के लाभ व तत्सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### शिविर के दौरान 4 पशुओं का बधियाकरण, 15 का उपचार, 18 पशुओं के लिए दवा का वितरण किया गया

उन्होंने बताया कि वास्तव में पारंपरिक कुक्कुट पालन की भारत में अधिक प्रासंगिकता है। इस पद्धति से मुर्गी पालन के लिए उपलब्ध 11 प्रजातियों में कडकनाथ, नर्मदा निधि वनराजा, ग्रामप्रिया, कृष्णा जे, नन्दनम-ग्रामलक्ष्मी प्रमुख है। देशी प्रजाति के पक्षियों की वृद्धि दर व उत्पादन कम होने की वजह से इनकी लोकप्रियता घटती गई । अच्छा उत्पादन एवं अधिक लाभ प्राप्त करने के लिये कुक्कुट पालकों को मुर्गियों के आहार पर ध्यान देना चाहिए। मुर्गियों को विभिन्न प्रकार से संक्रामक रोगों से बचाने के लिए कुक्कुट पालकों को मुर्गियों में टीकाकरण अवश्य करा देना चाहिए। कृषि के साथ सहायक व्यवसाय के रूप में पशुपालन यथा-गाय, भैंस, बैल, बकरी, भेड़, मत्स्य, मुर्गी, मधुमक्खी आदि पाले जा सकते हैं। बकरी पालन एक ऐसा व्यवसाय है, जिसे बहुत कम पूंजी और छोटी जगह में भी सरलता से किया जा सकता है। बकरी लघु आकार की पशु है, जिसे बहुत आसानी से पाला जा सकता है। इसका सीमांत और भूमिहीन किसानों द्वारा दूध तथा मांस के लिए पालन किया जाता है। इसके अलावा बकरी की खाल, बाल, रेशों का भी व्यावसायिक महत्व है। मेंगनी एवं मूत्र, जो बिछावन पर इकट्ठे किए जाते हैं, उनका खेती में खाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। वर्तमान में बकरी पालन करने में केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा 25 से 33.3 प्रतिशत तक का अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। बकरी पालन को सही प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश द्वारा फायदेमंद व्यवसाय बनाया जा सकता है। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग से अधिकारी सम्मिलित रहे। ग्राम भलेसर में 484 पशुओं को एलएसडी टीका लगाया गया । साथ ही 04 पशुओं का बधियाकरण, 15 पशुओं का उपचार, 18 पशुओं के लिए दवाई वितरण किया गया । पशु टीकाकरण शिविर में महासमुंद पशु चिकित्सा विभाग की टीम एवं शिविरार्थियों ने सहयोग प्रदान किया ।

# हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी की थीम पर आयोजित हुई कुकिंग प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर सभागार में हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी की थीम पर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, आईओसीएल, एचपीसीएल, बीपीसीएल कंपनी के जिला एलपीजी वितरकों ने आयोजित किया इस कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एलपीजी गैस वितरण के संबंध में गैस सुरक्षा मानकों से जुड़ी हुई बारीकियों की जानकारी देते हुए शांतनु राय जी ने बताया कि कुकिंग हैंडलिंग और कुकिंग में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है। प्रतिभागियों की एलपीजी सुरक्षा, व्यंजन की गुणवत्ता, सफाई जैसे मापदंडों का मूल्यांकन भी आयोजन के दौरान किया गया। साथ ही गैस का उपयोग नहीं होने पर रेगुलेटर बंद रखने के प्रति सजग रहने की अपील की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डाइट की प्राचार्य मीना पाणिग्रही एवं उनके सहयोगी के रूप में डॉ.वीणा तिवारी एवं जिले के निरंजना शर्मा, सुधा साहू, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू एवं राकेश पटवा वितरक गण सतपाल सिंघ पाली तुम गांव इंडेन से पंकज चंद्राकर गौरव गैस सर्विस, ओम चंडी इंडेन से नरेश चंद्राकर, साईश्याम इंडेन से स्वप्निल महोबिया ,लोमेश चंद्राकर अशोक एचपी, तरुण बारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कुकिंग कंपीटिशन में प्रथम स्थान रानू देवदास, द्वितीय स्थान रूबी मिश्रा, तृतीय स्थान मंजुला शर्मा ने प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागियों में मधु यादव, शशि सिंह, साक्षी सिन्हा, हेमा पटवा, विनती शर्मा, भूमिका साहू, छाया ध्रुव व शीतल साहू ,धारणा साहू ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डीएनओ नोडल अधिकारी शांतनु राय ने बेसिक सुरक्षा जांच के लिए डिलीवरी बॉय को पुरस्कृत किया। जिसमें प्रथम स्थान गौरव गैस सर्विस के मनोज साहू द्वितीय स्थान जगन्नाथ इंडेन का जयंत कर एवं तृतीय अशोक एचपी सरायपाली से रोहित रोहतिया ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजश्री ठाकुर आभार प्रदर्शन सतपाल सिंह पाली ने किया ।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय इकाई ने मुख्यमंत्री साय से सौजन्य भेंट कर प्राचार्य पद पर पदोन्नति की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ नवनिर्वाचित प्रांतीय इकाई द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, पूर्व महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी एवं प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में भेंटकर कर प्रदेश के शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा करते हुए प्रदेश के नौनिहालों की खुशहाली पर चर्चा की । इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व जिला प्रतिनिधियों का अभिनंदन स्वीकार करते हुये कहा कि राष्ट्र की प्रगति में शिक्षक संघ का अमूल्य योगदान है । यह संगठन अपने प्रमुख चार पुरुषार्थों राष्ट्रहित, शिक्षा, शिक्षार्थी व शिक्षक हित के लिए निरंतर प्रयासरत है । उन्होंने समस्त उपस्थित शिक्षक पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं हदेते हुये उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये प्रदेश की प्रगति में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की ।



पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ सदैव राष्ट्र की उन्नति के लिये चिंतन करने वाला संगठन है उनके द्वारा वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति अविलंब किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति की राह में हजारों शिक्षक सेवानिवृत्त को प्राप्त कर रहे हैं । यदि सरकार सभी विद्यालयों में रिक्त प्राचार्य पदों पर विचार करे तो सरकार को कोई अतिरिक्त भार नहीं आएगा ।

नव निर्वाचित उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने कहा कि छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ एक मात्र संगठन है जो संघीय विचारधारा से ओतप्रोत है एवं शासन से कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रहा है । उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षकों के हितों का संरक्षण कर । सौजन्य भेंट के दौरान पूर्व प्रांतीय महामंत्री उमेश भारती गोस्वामी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मुख्यमंत्री के समक्ष परिचय कराया । इस अवसर पर प्रमुख रुप से हरि शर्मा, वेणु कुमार दिल्लीवार, आरएस चौहान, टिकेश ठाकुर, शंकर लाल सहित प्रांतीय कोषाध्यक्ष गयाराम राजवाड़े, प्रांतीय उपाध्यक्ष, डॉ. अशोक गुप्ता, सतीश तिवारी, टेकराम सेन, प्रांतीय मंत्री भुनेश्वर देवांगन, शैलेंद्र सिंह भदौरिया, टीकम साहू, लेखा अधिकारी, गिरधारी यादव, कार्यकारिणी सदस्य अनिल सिंह, डी.के. पुरोहित, प्रमोद पटेल, राकेश सिंह, राजनाथ योगी, सहदेव भगत, प्रकाश साहू सहित राजेंद्र इंगोले, भागवत जगत, निर्मल सार्दुल एवं समस्त जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी गण उपस्थित थे। प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री को अमूल्य समय प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

# करणीकृपा पावर प्लांट के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की करेंगे मांग-रमेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि तुमगांव कौवाझर नेशनल हाइवे में स्थापित करणी कृपा पावर प्लांट के प्रदूषण से किसानों के हजारों एकड़ धान फसल बर्बाद हो गई है। प्लांट प्रबंधन की मनमानी से क्षेत्र के ग्रामीण व किसान परेशान हैं। प्लांट द्वारा अनैतिक रूप से शासकीय भूमि व किसानों के भूमि पर कब्जा किया गया है। पूर्व में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्रीय उद्योग मंत्री से इस पावर प्लांट को अवैध बताते हुए शिकायत की थी। वहीं, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भी खरीदी केंद्रों में बिक्री के लिए पहुंचे धान को देखकर चिंता जताई थी तथा उद्योग विभाग के बड़े अफसरों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की थी।

श्री साहू ने कहा कि करणी कृपा स्टील प्लांट से निकले धुएं से खैरझिटी व उसके आसपास के 14-15 गांवों में खेतों में धान की फसल काली पड़ गई है। धान के बीजों को रगड़ने पर निकले चावल के दाने का रंग काले व बदरंग हैं। लिहाजा इसे खरीदी में अयोग्य माना जा रहा है। ऐसे धान को सोसायटी ही नहीं बल्कि राइस मिलर भी खरीदने से मना कर रहे हैं। इस पॉवर प्लांट से निकलने प्रदूषण के कारण आसपास के हजारों एकड़ भूमि पर लगे फसलों को नुकसान हो रहा है। आसपास सैकड़ों किसान आए दिन पॉवर प्लांट के विरुद्ध जिला प्रशासन शिकायत कर रहे हैं। कांग्रेस शासन काल में इस अवैध प्लांट को संरक्षण दिया गया है। जिसका खामियाजा आज क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

श्री साहू ने कहा कि इस प्लांट से भारी मात्रा में जहरीली गैस व केमिकल युक्त पानी को छोड़ा जा रहा है। प्रदूषण से क्षेत्र के घरों में धोकर सुखाए गए कपड़े, बड़ी आदि काले पड़ रहे हैं। धुएं से दीवार भी काला हो रहे हैं। प्लांट की मनमानी इस हद तक बड़ गई है, कि यहां काम करने वाले मजदूरों की मौत के मामले को भी दबाया जा रहा है। वहीं, मृतकों के परिजनों व घायलों को प्लांट द्वारा समुचित सहायता उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। शीघ्र ही उच्च स्तर पर प्लांट की शिकायत कर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई, कई नए सदस्य जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक को गायत्री मंदिर सभाकक्ष बेमचा में जिला शाखा अध्यक्ष आरडी साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर गायत्री मंदिर के भगतराम साहू ने सामूहिक गायत्री मंत्रोच्चारण एंव सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया एवं अपने भक्तिपूर्ण संबोधन में माह नवंबर में घटित प्रमुख एतिहासिक घटनाओं का वर्णन प्रस्तुत कर झांसी की रानीकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अगले क्रम में संगठन के नये सदस्यों क्रमशः सरिता तिवारी सेनि प्रधान पाठिका, कमलेश चंद्राकर, लेखापाल विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं जिला शाखा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ महासमुंद, रिखीराम साहू सेनि व्याख्याता डीएमएस महासमुंद एवं प्रातीय सचिव राज्य कर्मचारी संघ, कुलेश्वरी चंद्राकर सहायक शिक्षिका, यशोदा तिवारी उच्च वर्ग शिक्षिका को गुलाल लगाकर, श्रीफल भेंटकर स्वागत संगठन के जिला अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष, वरिष्ठ कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी, जोगेंद्र नायक, चोवाराम साहू, चमनलाल साहू, संरक्षक आरपी दीवान, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रमौतीन साहू, द्वारा किया गया।



स्वागत पश्चात सभी नए सदस्यों ने विस्तारपूर्वक अपना परिचय देते हुए संगठन के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा सदस्यता प्रदान करने के लिए अध्यक्ष रामकुमार साहू एवं उनकी टीम के प्रति अभार व्यक्त किए। तदुपरांत संबोधन क्रम में रमौतीन साहू ने नए सदस्यों के संगठन में आगमन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी के लिए अपनी शुभकामना व्यक्त की।

इस अवसर पर वरिष्ठ कर्मचारी नेता तथा कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संरक्षक की प्रमोद तिवारी ने विस्तार पूर्वक वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संघीय गतिविधियों पर अपना मंतव्य रखते हुए सभी कर्मचारी संगठनों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की अपील की तथा शासन से तदर्थ नियुक्ति, दैनिक वेतन भोगी नियुक्ति, प्लेसमेंट नियुक्ति को नियामित कर, प्रथा समाप्त करने की मांग की। संबोधन के दूसरे क्रम में जोगेंद्र नायक (सेनि अपर कलेक्टर) ने पेंशनरों को रचनात्मक कार्यो में लगने की सलाह देते हुए पेड़ लगाने तथा ऐसे निर्धन छात्र/छात्रा जो पढ़ाई से वंचित हो रहे है उन्हें उचित सहायता देने की अपील की।

बंधु राजेश्वर खरे ने अगले क्रम में छत्तीसगढ़ी में महासमुंद जिले की विशिष्टताओं एवं महिमा का वर्णन कर अपनी रचना से उपस्थित सभी पेंशनरों से वाहवाही बटोरी। तदुपरांत जिला शाखा अध्यक्ष आरडी साहू ने पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा पेंशनर हित में किये जा रहे प्रमुख कार्यो का विवरण तथ्यात्मक रूप से रखा तथा पेंशनर भवन निर्माण हेतु किये जा रहे प्रयासो की चर्चा की। तदुपरांत गणेश बहादुर गुरूंग ने जीवन को निरंतर गतिशील रखने हेतु प्रेरित करने वाली स्वरचित रचनाओं का पाठन किया। खराब मौसम के उपरांत भी बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों/सदस्यों के उत्साह के प्रति अध्यक्ष रामकुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जिन पेंशनरों का माह दिसंबर में जन्म दिवस आने वाला है, उन्हें हार्दिक बधाई दी, उपस्थित सभी ने करतल ध्वनि के साथ उनका साथ दिया। अध्यक्ष ने माह नवंबर में पेंशनरों के हित में किए गए सांगठनिक कार्यो का ब्यौरा दिया एवं नये सदस्यों को साथ में जुड़ने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम संचालक शिवकुमार साहू ने विशेष रूप से कर्मचारी संगठनों से सेवानिवृत्त पेंशनरों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों का उल्लेख कर आशा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे पदाधिकारियों के अनुभवों का लाभ पेंशनर्स एसोसिएशन को मिलेगा। साथ ही आज के कार्यक्रम हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले पेंशनरों को धन्यवाद दिया। अंतिम कड़ी में संगठन मंत्री चमनलाल साहू ने आभार प्रकट करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की। आज की बैठक में प्रमुख रूप से चंद्रबदन मिश्रा उपाध्यक्ष, विनोद जोशी कोषाध्यक्ष, राधेश्याम दुबे सहसचिव, देवानारायण बिसेन, राम दीवान, तिलचंद यादव, शिवकुमार साहू, आईएम कुरैशी, अंजलुस कुजुर, मुरलीधर पटेल, आर बारले, लुनकरण साहू, संतुराम साहू, सुरेंद्र प्रदीप तिवारी, टोपसिंह दिवान, रमौतीन साहू, सुभाषनंद, महेंद्र कुमार साहू, रेवाराम साहू, राधेश्याम चंद्राकर रामटहल निषाद, आदि पेंशनर उपस्थित हुए।

### प्रधान पाठक ने पुत्र के जन्म दिन पर न्योता भोज

**महासमुंद** । शासकीय कुर्मीपारा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कामिनी चंद्राकर द्वारा अपने पुत्र शौर्य चंद्राकर के जन्म दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं व समस्त अध्यापकों के लिये न्योता भोज का आयोजन कराया गया । इस अवसर पर संस्था की पूर्व प्रधान पाठक आर. गुरुदत्ता संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कामिनी चंद्राकर शाला के लिये समर्पित शिक्षिका है उनके द्वारा समय समय पर अलग अलग आयोजन कर बच्चों को शाला के प्रति आकर्षण के लिये प्रयास सराहनीय है।



डाइट के व्याख्याता टेकराम सेन ने कहा कि कामिनी चंद्राकर अत्यंत ही सेवाभावी शिक्षिका है, उन्होंने कहा कि उनके द्वारा पूर्व संस्था प्राथमिक शाला तुमाडबरी महासमुंद में भी इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है । इस अवसर पर शिक्षिका योगिता चंद्राकर, टेकेश्वरी साहू सहित डाइट प्रथम वर्ष के छात्राध्यापक व छात्र-छात्राओं ने न्योता भोज का आनंद लिया एवं सभी ने शौर्य चंद्राकर को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी ।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कड़कती ठंड में अलाव जलाकर ला रहे गर्माहट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में ठंड का अहसास तेज होने लगा है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा ठंड से बचाने के लिए लकड़ी का अलाव जलाया जा रहा है। वार्ड नंबर 4 में लोगों ने ठंड से बचने अलाव का सहारा लिया। इस दौरान लिली बाई निर्मलकर, बंटी पटेल, ओंकार निर्मलकर, तनु, पुष्कर, राधे, दुर्गश, मोनिका, शंकर, दिनेश्वरी मौजूद थे।



### सीसी रोड कार्य का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व मुख्य नगरपालिका अधिकारी खीरसागर नायक व समस्त जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयास से नगर में अनेकों विकास के कार्य कराए जा रहे हैं और नगर हित में बहुत सारे विकास कार्य प्रारंभ होने वाले हैं। इसी कड़ी में पार्षद धर्मेंद्र यादव ने नगर के अंतिम छोर वार्ड नं 15 व वार्ड नं 14 में निर्माण हो रहे सीसी रोड कार्य का निरीक्षण किया गया। यह निर्माण कार्य वार्ड नं 15 में बाबूलाल ध्रुव से नंदू ध्रुव तथा रामचंद ध्रुव से मंगतू साहू के घर तक किया जा रहा है। साथ ही वार्ड नं 14 गाया दूध कंपनी में नगर के युवाओं के लिए बन रहे खेल मैदान पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महामंत्री द्रोणाचार्य साहू, युवा नेता डोमार पटेल, कुंदन प्रजापति उपस्थित रहे।



### मानसिक स्वास्थ्य दिवस सीएचसी सराईपाली में आयोजित किया गया

**महासमुंद।** सोमवार को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया जिसमें 43 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ वीके कोसरिया बीएमओ, सीतल सिंह बीपीएम, डॉ वर्षा सतपती, प्रदीप कुमार साहू आरएमए उपस्थित हुए। मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोशल द्वारा मानसिक रूप से ग्रस्त मरीजों को देखा गया।

### कोसरिया पटेल समाज की कार्यकारिणी की बैठक हुई

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज की कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कार्यालय सामाजिक भवन ग्राम परकोम में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजन व आरती कर की गई इसके पश्चात समाज पदाधिकारियों का रोली गुलाल से स्वागत वंदन हुआ इसके बाद सभा को संचालित करने हेतु सभापति के रूप में नेतराम पटेल को मनोनीत किया। फिर सभापति के आदेशानुसार ग्राम नर्रा, परकोम एवं बनियातोरा गांव से आए चार आवेदन पत्रों को सचिव ने समाज के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। समाज पदाधिकारियों ने प्रकरण पर चर्चा कर प्रकरण का सुनवाई की गई जिसमें चार में से दो आवेदनों को मौके पर ही सुलझाया गया और दो आवेदनों का विषय गंभीर होने के स्थिति में इसे यथावत रखा गया है। वहीं सामाजिक गतिविधियों पर अनेक मुद्दे पर चर्चा हुई। इस मौके पर अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल संयोजक लोचन पटेल संरक्षक सेतराम पटेल उपाध्यक्ष दुकालूराम पटेल कार्यकारी अध्यक्ष माखन लाल पटेल महासचिव नेतराम पटेल परमेश्वर पटेल चंदन पटेल अमरसिंह पटेल जागेश्वर पटेल लक्ष्मी नारायण पटेल समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

**आयोजन : पत्रकारिता संबंधित जानकारी देने आयोजित की गई कार्यशाला**

# स्काउट्स गाइड्स मीडिया प्रभारियों को पढ़ाया गया पत्रकारिता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्काउटिंग गतिविधियों एवं कार्यों को समाज के समक्ष रखने की नई सोच एवं नई पहल के साथ छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार भारत स्काउट गाइड्स छग राज्य मुख्यालय में प्रत्येक जिले से चयनित मीडिया प्रभारियों का एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन रखा गया। जिसका उद्घाटन कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा के मुख्य आतिथ्य में, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव की अध्यक्षता में तथा राज्य सचिव कैलाश सोनी की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यशाला में प्रत्येक जिलों से 33 मीडिया प्रभारियों को आमंत्रित किया गया था। इस कार्यशाला में बतौर मीडिया प्रभारी रोवर लीडर कमलेश साहू ने भाग लिया।

डॉ यादव ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्लॉक स्कूल स्तर तक स्काउटिंग के कार्य व गतिविधियां संचालित की जाती हैं। ऐसे बच्चे जो स्काउटिंग में नहीं हैं या जिनके अभिभावक स्काउटिंग के लाभ नहीं जान पाए हैं, उन तक यह बात पहुंचे।






इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की गई है। प्रोफेसर शर्मा ने उद्घाटन सत्र में कहा कि जीवन के आधारभूत गुण हैं अनुशासन और सेवा। इन गुणों का बीजारोपण बचपन से ही छात्रों में स्काउटिंग के माध्यम से होता है। स्काउटिंग में जो कार्य करते हैं उसे समाज तक पहुंचाने में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान होता है। स्काउटिंग का कार्य समाज के लिए प्रभावी एवं प्रेरणादायी होता है। इसीलिए समाज को बताना आवश्यक है।

प्रथम सत्र में न्यू मीडिया विषय पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल ने बताया कि आज डिजिटल मीडिया तेजी से प्रसारित होने वाला सबसे ज्यादा प्रभावी है। उन्होंने लेखन कैसे हो इसकी बारीकीयों को बताते हुए कहा कि खबर में 5 डब्ल्यू 1एच को ध्यान में रखते हुए समाचार लेखन हो। क्या, कौन, कहां, कब, क्यों, कैसे प्रश्नों का जवाब ही समाचार होता है। उन्होंने मीडिया प्रभारियों से फेसबुक, इंस्टाग्राम एवं एक्स पर भी अपने कार्यों गतिविधियों को पोस्ट करने की सलाह दी। प्रिंट मीडिया के संबंध में जानकारी देते हुए जनमंत्र के संपादक विशाल यादव ने बताया कि आकर्षक शीर्षक, कम शब्दों लिखी हुई सामान्य भाषा में अच्छी फोटो के साथ भेजी गई खबर आकर्षक लगती है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति तैयार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

समापन सत्र में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संबंध में वरिष्ठ पत्रकार मनोज सिंह बघेल ने बताया कि फोटोशूट करते समय विजुअल, प्रकाश, धूप, छांव आदि का विशेष ध्यान रखा जाता है।

वीडियो 1 मिनट से अधिक का न हो तथा बाइट 10-15 सेकंड का हो तो बेहतर होता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञप्ति छोटी एवं सारगर्भित हो। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार आयोजित कार्यशाला का संचालन संयुक्त सचिव शिवानी गणवीर ने एवं आभार व्यक्त राज्य सचिव कैलाश सोनी ने की।

# धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के प्रभारी बने विनोद चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कांग्रेस का धान खरीदी केंद्र चलो अभियान आज से

प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी में अव्यवस्था तथा किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर कल 3 दिसंबर से पूरे प्रदेश में कांगेस द्वारा धान खरीदी केंद्र चलो अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसके तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलेवार प्रभारियों की नियुक्ति की है। बैज ने महासमुंद जिले के लिए पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर, बसना के पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद तथा विनय जायसवाल को प्रभारी बनाया है।



पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने बताया कि धान खरीदी शुरु होने के 15 दिन बाद भी पूरे प्रदेश में लगभग चार लाख किसान ही अपना धान बेच पाए हैं। जबकि इस साल धान बेचने के लिए 27 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। इस स्थिति में 160 लाख टन का टारगेट सरकार इतने कम समय में पूरा करेगी, इस पर संशय है। इसके अलावा किसानों को धान बेचने के लिए समितियों में टोकन भी नहीं मिल रहा है। पीसीसी के निर्देशानुसार ज्यादा से ज्यादा सोसाइटियों में जाकर वहां की स्थिति से प्रदेश कार्यालय को अवगत कराया जाएगा। चंद्राकर ने बताया कि जिले के सभी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों के सोसायटी में जाकर निरीक्षण करेंगे तथा वस्तुस्थिति से अवगत होकर समाधान के लिए प्रयास करेंगे। 3 दिसंबर को विनय जायसवाल के साथ सुबह 8 बजे बिरकोनी धान खरीदी केंद्र पहुंचकर निरीक्षण करेंगे तथा 9 बजे तुमगांव, 10 बजे पटेवा, 11 बजे झलप खरीदी केंद्र जाकर किसानों से रू-ब-रू होंगे। इसके अलावा विधायक द्वारिकाधीश यादव के साथ पिथौरा क्षेत्र के सोनासिल्ली खरीदी केंद्र में 12 बजे, घोंच में 12.30 बजे तथा मुढ़ीपार खरीदी केंद्र में दोपहर 1 बजे निरीक्षण कर किसानों से मिलेंगे।

# राज्य स्तरीय शतरंज टूर्नामेंट में दीपांशु बने उप विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्यस्तरीय ब्राइटन चेस ओपन 2024 का आयोजन ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल नारदहा रायपुर में चेसगढ़ रायपुर द्वारा 1 दिसंबर को आयोजित किया गया। जिसमें कुल 186 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। महासमुंद जिले से दीपांशु पटले पिता संदीप पटले ओपन टूर्नामेंट में हिस्सा लेते हुए अंडर 13 आयु वर्ग में उप विजेता रहे। दीपांशु ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 8 अंक में से 6 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट में महासमुंद जिले से आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक के रूप में संदीप पटले ने भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि अभिनय सिंह मैनेजिंग डायरेक्टर ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल, आरपी सिंह चेयरमैन, आयुष सिंह कोर टीम मेंबर चेसगढ़ रायपुर, नवीन शुक्ला सचिव रायपुर जिला शतरंज संघ ने विजेताओं को मोमेंटो, ट्रॉफी, नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। राज्य स्तरीय ओपन चेस टूर्नामेंट में उप विजेता बनने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, हेमंत खूंटे सचिव राज्य व जिला शतरंज संघ, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय संजय बंसल, पूनम पटले, प्रियांशु पटले, भीमराव घोड़ेसवार, कोकिला घोड़ेसवार ने बधाई दीं।



# जिला स्तरीय कला उत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न विकासखंडों के कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया।



इसके अंतर्गत लोकनृत्य विधा में शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद की छात्राएं पुष्पांजलि यादव, तानिया धुरी तथा दिव्या जगत ने देवार नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह हारमोनियम वादन में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद के छात्र प्रकाश धुरी ने और तबला वादन में गौतम देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गायन कला में शासकीय हाई स्कूल तुसदा की छात्रा गोपिका साहू और दृश्यकला में कृष्णा तांडी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को रायपुर में दिनांक तीन से पांच दिसंबर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कला उत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना अधिकारी कमलनारायण चंद्राकर, सहायक परियोजना अधिकारी संपा बोस तथा प्राचार्य जीआर सिन्हा अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तोषण गिरि गोस्वामी ने किया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिता के निर्णायक विवेक रहटगांवकर, खोमन चंद्राकर, पुष्पलता भार्गव तथा भारती सोनी थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक पवन साहू , महेश्वरी साहू आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार तथा समस्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 दिसंबर को किया जाएगा।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 14 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष 2024 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशली कदम है। इसके लिए जिला न्यायालय महासमुंद के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्रीलिटीगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्वए बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्रीलिटीगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जाएंगे। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खंडपीठ में निराकृत किए जाएंगे। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कर सकते हैं।

# एड्स दिवस पर पोस्टर मेकिंग एवं रैली के माध्यम से जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वधान में एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में समस्त छात्र/छात्राओं को यूथ रेडक्रास प्रभारी लता भोई द्वारा एड्स संक्रमण फैलने के कारण एवं उनसे बचाव के उपाय छात्र/छात्राओं को बताए। तत्पश्चात महाविद्यालय से ग्राम चिरको के प्रमुख बाजार चौक तक एड्स जागरूकता के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। पोस्टर मेंकिंग में सभी संकाय के छात्र/छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया तथा महाविद्यालय से बाजार चौक चिरको तक रैली निकाली गई तथा रेड रिबन की आकृति बना कर ग्रामीणों का ध्यान आकर्षित किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा




सहायक प्राध्यापक, मनहरण ठाकुर, तरूण कुमार ध्रुव, कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, एवं अतिथि व्याख्याता राखी यदु, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक, डॉ. जीवन लाल चंद्राकर, ऋषि वर्मा, हेमलाल सोनवानी, सविता पटेल उपस्थित थे।



## आईआईसी के अंतर्गत वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे का आयोजन किया गया

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की कंप्यूटर विभाग द्वारा आईआई सी के तहत वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे का आयोजन प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. करुणा दुबे, आईआई सी प्रेसिडेंट डॉ. रीता पांडे, आईआईसी संयोजक डॉ. अजय कुमार देवांगन के संयोजन में 2 दिसम्बर 2024 को किया गया। कार्यक्रम में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए, बीएससी के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि अरविंद कुमार साहू सहायक प्राध्यापक शासकीय माता कर्मा गर्ल्स महाविद्यालय महासमुंद ने आज वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे के बारे में जानकारी प्रदान किया। जिसमें उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को पारंपरिक और नई तकनीकों के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष डॉ अजय कुमार देवांगन ने विद्यार्थियों को वर्ल्ड कंप्यूटर लिटरेसी डे इतिहास से रूबरू करवाया। इस कार्यक्रम को आईआईसी की क्वालिटी एक्टिविटीज की अंतर्गत कराया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. श्रीमती करुणा दुबे, राजनीतिशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी , वनस्पति शास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ. ईपी चेलक, कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष डॉ अजय कुमार देवांगन , भूगोल विभाग अध्यक्ष दिलीप बढ़ई , वाणिज्य सहायक प्राध्यापक मनबोध चौहान, योगेश साहू, कंप्यूटर प्राध्यापक टीकम साहू, पूजा यादव, तकनीशियन कुंदन देवांगन, प्रचारक चमन साहू एवं छात्र-छात्राओं में हरसिल, ऋतिक देवांगन, विजय कीर्ति ,पल्लवी सिन्हा, सरिता भोई, ईश्वर साहू, प्रीति साहू, वेदिका साहू, निलेश निराला, अमन सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

**कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को दिया गया मार्गदर्शन**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कॉलेज में हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन में सोमवार को विवेकानंद सभागार में कला संकाय के द्वारा बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं स्वाध्यायी के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित परीक्षा प्रणाली पर मार्गदर्शन के लिए एक दिवसीय परीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो.सी खलखो एवं सहसंयोजक डॉ.सीमा रानी प्रधान थे। इस कार्यक्रम में कला संकाय प्रभारी डॉ रीता पांडेय , विज्ञान संकाय प्रभारी व मुख्य वक्ता डॉ ई पी चेलक , डॉ मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान, डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष





हिंदी, प्रो दिलीप बढ़ई के उपस्थित थे। इस अवसर पर परीक्षा प्रणाली पर चर्चा करते हुए प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने परीक्षा को छात्र जीवन का अहम हिस्सा बताया। परीक्षा में अच्छे उत्तर लेखन कर ज़्यादा से ज़्यादा अंक अर्जित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ ई पी चेलक ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित नियमित और स्वाध्यायी छात्र छात्राओं को परीक्षा प्रणाली के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी।

छग शासन और विश्वविद्यालय से प्राप्त परीक्षा के संबंध में डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स, वैल्यू एडिशन कोर्स,जेनेरिक इलेक्ट्रिक कोर्स, एबीलिटी इनहांस मेंट कोर्स की क्रेडिट प्रणाली व परीक्षा प्रणाली जिसके तहत प्रत्येक विषय में आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत दो यूनिट परीक्षा व एक असाइनमेंट तैयार कर जमा करनी है। साथ ही प्रायोगिक विषय के लिए यूनिट परीक्षा और असाइनमेंट बनाकर जमा करनी है। लिखित सेमेस्टर परीक्षा के तहत विश्वविद्यालय के निर्धारित तिथि अनुसार विषयवार परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। इस परीक्षा में डिसिप्लिन स्पेसिफिक कोर्स व अन्य विषय के लिए प्रश्न पत्र को दो सेक्शन अ और ब में बांटा गया है,जिसके अंतर्गत ऑब्जेक्टिव प्रश्न, लघु उत्तरीय प्रश्न और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पर प्रत्येक यूनिट से दो प्रश्न अथवा के साथ पूछे जाएंगे।उन्होंने आगे कहा कि यह परीक्षा प्रणाली को बी ए प्रथम वर्ष के स्वाध्यायी छात्रों को भी पालन करना आवश्यक है।

इस अवसर पर कला संकाय के रेणुका साहू , डॉ गरिमा दीवान, श्रीमती गायत्री चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में नियमित व स्वाध्यायी छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार व्यक्त डॉ रीता पांडेय तथा संचालन विजय कुमार मिर्चे के द्वारा किया गया।

